सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

## राज्यपाल ने सुशासन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**राजभवन देहरादून, 24 दिसम्बर, 2023**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है। पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी एक महान व्यक्तित्व के धनी और लोकप्रिय राजनेता रहे हैं। उनका निर्विवाद राजनैतिक जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। राज्यपाल ने भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने भारत माता की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। शिक्षा के क्षेत्र उनका बहुमूल्य योगदान सदैव याद किया जाएगा।

राज्यपाल ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाये जाने वाले सुशासन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता हेतु सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सुशासन बेहद महत्वपूर्ण है। सुशासन ही किसी देश के विकास की प्रथम सीढ़ी होती है, जिसके माध्यम से देश के विभिन्न अंगों का संचालन विवेकपूर्ण और सुशासित तरीके से होता है।

............0............

### प्रेस विज्ञप्ति–3

## राज्यपाल ने क्रिसमस पर प्रदेश वासियों को बधाई दी।

**राजभवन देहरादून, 24 दिसम्बर, 2023**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि क्रिसमस का यह त्यौहार हमें प्रेम, दया, सेवा और मानवता के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हमें इन मूल्यों को एक मार्गदर्शक के रूप में लगातार अपनाने की जरूरत है ताकि हम स्वस्थ, खुशहाल और संपन्न जीवन जी सकें। राज्यपाल ने क्रिसमस के पर्व पर सभी के जीवन में शांति, सौहार्द और खुशहाली की कामना की है।

............0............